# दाम्पत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ...



## चि. सिद्धार्थ

सुपौत्र : स्मृतिशेष श्रीमती सुशीलाबाई–स्मृतिशेष सिं. श्री सुगनचंदजी जैन

सुपुत्र : श्रीमति मृदुला–सिं. प्रकाश जैन, (हुस्नापुरवाले) विदिशा

संग

## सौ.कां. सेवी (सीनू)

सुपौत्री : स्मृतिशेष श्रीमति मगनीबाई–स्मृतिशेष श्री मिश्रीलालजी जैन

सुपुत्री : श्रीमति विजय–शाह श्री राजकुमारजी जैन, अशोकनगर

का

## शुभ विवाह

6 अप्रैल 2020 को

विनायक बैंक्यूट हॉल, विदिशा

में हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ ।

## श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास, इन्दौर के त्रैवार्षिक चुनाव निर्विरोध रुप से संपन्न हुये।

बाहुबली जैन, इन्दौर । 8 अगस्त 2021 को गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास के त्रैवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न हुये । ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन के पश्चात नियमानुसार गतिविधियों का संचालन करते हुए समाज हित में नवीन सदस्यों को मौका देते हुए समाज का संचालन किया जाता रहा है । इस चुनाव में भी समाज के प्रति अपने लगाव को दर्शाते हुए सदस्यों ने नामांकन फार्म जमा किये । चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात चुनाव अधिकारी श्री राजेन्द्रकुमार जैन 'सायकलवाले' द्वारा निर्वाचित प्रत्याशियों के नाम घोषित किये गये । कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में निर्वाचित प्रत्याशियों द्वारा सर्वानुमति से श्री कोमलचंद जैन को पुन: अध्यक्ष पद का भार सौंपा गया । उपाध्यक्ष के लिए श्री अशोककुमार जैन कालानी नगर व सचिव श्री बाहुबली जैन, कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार जैन







साईनाथ कालोनी व सहसचिव श्री मुकेशकुमार जैन विजयनगर व श्री अनिल कुमार जैन, न्यू देवास रोड को चुना गया । कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वानुमति से यह निर्णय लिया की कुम्हेड़ी स्थित लार्ड आदिनाथ कालोनी में निर्माणाधीन जिनालय के पंचकल्याणक उक्त पदाधिकारी के मार्गदर्शन में समाज सहयोग से संपन्न करेंगे। दिनांक 29 अगस्त, रविवार को न्यास भवन पर श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास, इन्दौर की साधारण सभा आयोजित की गई है जिसमें निर्माणाधीन मंदिर के पंचकल्याणक व अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आगामी रुप रेखा और कार्य योजना को अंतिम रुप दिया जायेगा । गोलालारीय समाज के सभी सदस्यों से सादर निवेदन है कि वे साधारण सभा में उपस्थित होकर बैठक में रखें गए विषयों पर सार्थक चर्चा कर समाज विकास को नई दिशा देने के लिए अवश्य पधारेंगे। विस्तृत कार्यक्रम की सूचना उचित माध्यम के द्वारा भेजने की व्यवस्था की गई हैं।

## सम्मान समारोह दिसम्बर में आयोजित करने की संभावना

बाहुबली जैन, इन्दौर । श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास द्वारा मार्च 2021 में देश के प्रतिष्ठित चिकित्सकों व समाज सेवियों के सम्मान की रुपरेखा तैयार की गयी थी परंतु कोरोना काल की द्वितीय लहर के कारण नगर के जिलाधीश द्वारा आवश्यक अनुमति न मिल पाने के कारण उक्त कार्यक्रम को स्थगित कर दिया था । वर्तमान परिस्थितियों में अभी सभी गतिविधियां धीरे धीरे सामान्य हो रही है । कार्यकारिणी द्वारा इस विषय पर चर्चा पश्चात यह निर्णय लिया गया है कि आगामी दिसम्बर या जनवरी के मध्य इस कार्यक्रम को भव्यता के साथ संपन्न किया जावेगा । जिसकी सूचना वाट्सएप्प के माध्यम से प्रत्येक परिवार को प्रेषित की जावेगी । इसी कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर की गोलालारीय समाज की एक संगोष्ठी आयोजित की जाना है । उक्त कार्यक्रम में देशभर में गोलालारीय समाज के चिकित्सको व समाज सेवियों को भी आमंत्रित किया जावेगा जिन्होंने गत कोरोना काल में मानवसेवा हितार्थ अपना योगदान दिया है । हम ऐसी व्यक्तित्वों को सम्मानित कर समाज के सम्मुख एक मिसाल रखना चाहते है जो हमारे समाज को गौरवांवित करे ।

## @आओं समाज जोड़े



गोलालारीय दर्शन पत्रिका द्वारा '**@आओं समाज जोड़े**' नाम से प्रत्येक नगर व जिलों के अनुसार वाट्सएप्प ग्रुप बनाये गये है । इन ग्रुपों के निर्माण में हमारा एकमात्र उद्देश्य यही है कि गोलालारीय समाज की सामाजिक व धार्मिक सूचनाएं तत्काल हर नगर के हर परिवार तक पहुंचाई जा सके ।

हमारा आप सभी से सादर निवेदन हैं कि समाज के प्रत्येक परिवार का हर वयस्क सदस्य इस ग्रुप से जुड़े, इस ग्रुप से जुड़ने के लिए आपको सिर्फ इतना करना है कि गोलालारीय दर्शन के मोबाइल नंबर 9406744064 पर अपना नाम, डाक का पता, शहर का नाम व मोबाइल नंबर लिखकर उक्त वाट्सएप्प नंबर पर भेज देवें । संदेश प्राप्त होने के कुछ दिवस के अंदर ही आपको इस वाट्सएप्प ग्रुप में जोड़ लिया जावेगा । यह वाट्सएप्प ग्रुप सिर्फ गोलालारीय समाज सदस्यों के लिए ही संचालित किया जायेगा, चाहे वह महिला हो या पुरुष या अन्य शहरों में कार्यरत आपके नौनिहाल हो, सभी को इस ग्रुप से जोड़कर हम एक मजबूत सूचना तंत्र बनाना चाहते हैं । सूचना तंत्र के माध्यम से हम भविष्य में अनेक योजनाओं को मूर्त रुप देने का विचार कर रहे हैं परंतु सबसे पहले हमें हमारे इस माध्यम को सशक्त बनाना होगा। वर्तमान में '@आओं समाज जोड़े' के 9 ग्रुप बनाकर संचालित हो रहे है जिसमें विवाह संबंधी जानकारियों के साथ साथ अन्य जानकारियां निरंतर प्रेषित की जा रही है । इन ग्रुपों का संचालन उसी नगर के नियुक्त एडमिन द्वारा किया जाता है । अत: आप अपने नगर की सामाजिक व धार्मिक सूचनाएं हमारे नियुक्त एडमिन को देकर इसे आसानी से अपने नगर के प्रत्येक परिवार तक पहुंचा सकते है । वर्तमान युग सोशल मीडिया का युग है अत: हम सभी को इसकी क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए अपने समाज व संगठन को आगे बढ़ाना है । बड़े शहरों में कार्यरत हमारे बच्चे इस ग्रुप में सरलता से जुड़ सकते है अत: उन परिजनों से विशेष आग्रह है कि वे अपने बच्चों के मोबाइल नंबर प्रेषित कर उन्हें समाज में हो रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराने में सहभागी बने ।

आपके इसी प्रयास से हमारे बच्चें अपनी गोलालारीय समाज के बारे में जानकारी हासिल कर पायेंगे । हमारा प्रथम दायित्व होता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त बच्चें जो शिक्षा के दौरान अपनी सामाजिक जवाबदारियों से थोड़ा सा दूर हो गये थे । अब अपने नौकरी/व्यवसाय के दौरान उन्हें समाज से जुड़ने के लिए अवश्य प्रेरित करे । यह हमारा अपने समाज के प्रति नैतिक दायित्व है और हमें अपने इस दायित्व को सहर्ष स्वीकार कर गोलालारीय समाज को क्रियाशील बनाये रखना है ।

**नोट – गोलालारीय दर्शन का यह अंक 4386 परिवारों को साधारण डाक प्रेषित किया गया है। जैसा कि विदित है कि आगामी अंक सिर्फ उन्हीं सदस्यों को प्रेषित किया जावेगा जिनका सदस्यता शुल्क नियमानुसार जमा होगा । यह अंक न मिलने की स्थिति में आप अपने निकटतम पोस्ट आफिस पर संपर्क कर जानकारी ले सकते है।**